GLOBAL RESEARCH ANALYSIS

ISSN No 2277 - 8160

Listed & Indexed with

ISSN Directory, Paris



Multi-Subject Journal

Volume : 1 | Issue : 1 | June 2012 | ₹ 250/-

GLOBAL RESEARCH ANALYSIS

ISSN No 2277 - 8160

GLOBAL RESEARCH ANALYSIS

Editor In-Chief :

Dr. Khansa Memon
SARA Publishing Academy

Dr. Ashok S. Pawar Associate Professor, Dept. of Economic Dr. Babaasaheb Ambedkar Marathwada.University, Aurngabad.(MS-India)-431004	**Dr.(Prof) Vijay Kumar Soni** Principal, Jai Meenesh College, Phagi, Jaipur, Rajasthan	**Dr. A.R. Saravankumar** Assistant Professor in Education DDE, Alagappa University, Tamilnadu
Dr. R. Ramachandran Commerce DDE Annamalai University Tamilna	**Dr. R Ganpathy** Assistant Professor in Commerce Directorate of Distance Education Alagappa University Karaikudi.	**Dr. Amit Bandyopadhyay** Assistant Professor Department of Physiology University of Calcutta
Dr. V. Kumaravel Professor and Head Vivekanandha Business School for Women Tiruchengode, Namakkal Dist	**Dr. K. Prabhakar** Professor, Department of Management Studies, Velammal Engineering College, Chennai - 600 066.	**Dr. Sunita J. Rathod** Maharashtra Education Service Group-B DIET Dist. Jalna

SUBSCRIPTION DETAILS

Period	Rate	Discount	Amount Payable
One Year (12 issues)	3000/-	Nil	3000/-
Two Years (24 issues)	6000/-	200/-	5800/-
Three Years (36 issues)	9000/-	300/-	8700/-
Five Years (60 issues)	15000/-	600/-	14400/-

You can download the Subscription form from website www.theglobaljournals.com. You will require to print the form. Please fill the form completely and send it to the Editor, GLOBAL RESEARCH ANALYSIS along with the payment in the form of Demand Draft/Cheque at Par drawn in favour of GLOBAL RESEARCH ANALYSIS payable at Ahmedabad.

- Thoughts, language, vision and examples in published research paper are entirely of author of research paper. It is not necessary that both the editor, and editorial board agrees with the author. The responsibility of the matter of research paper/article is entirely of author.
- Editing of the Global Research Analysis is processed without any remittance. The selection and publication is done after recommendations of atleast two subject expert referees.
- In any condition if any National/International University denies accepting the research paper published in GRA, then it is not the responsibility of Editor, Publisher and Management
- Only the first author is entitle to receive the copies of all co-authors
- Before re-use of published paper in any manner, it is compulsory to take written permission from the Editor-GRA unless it will be assumed as disobedience of copyright rules
- All the legal undertaking related to Global Research Analysis is subject to Ahmedabad Jurisdiction.
- The research journal will be send by normal post. If the journal is not received by the author of research paper then it will not be the responsibility of the Editor and publisher. The amount for registered post should be borne by author of the research paper in case of second copy of the journal.

Editor,
GLOBAL RESEARCH ANALYSIS
3, SUHANA, Near. Ruby Apartment, B/h NID, Rajnagar Road, Paldi Ahmedabad – 380007. Gujarat (INDIA)
Cell : +91 98247 02127, 8866 00 3636

INDEX

Sr. No.	Title	Author	Subject	Page No.
1	Vat And Accounting and Emerging Financial Services	Dr.Kishor V. Bhesaniya	Accountancy	1-2
2	Regulations for Alternative Investment Funds – A Primer	Dr. Bheemanagouda	Commerce	3-4
3	Financial Inclusion in India: A Real Effort for Growth	Dr. Jyotindra M. Jani, Manish B. Raval	Commerce	5-6
4	Tourism Industry and Medical Tourism in India – An Analysis	Dr. M. K. Maru	Commerce	7-8
5	Enhancing Supply Chain Performance through Effective Transportation	Dr. Vipul Chalotra	Commerce	9-10
6	Growth of Consumer Co-Operatives in J&K- A Study	Tarsem Lal	Commerce	11-12
7	Uses of College Funds in Assam-With Reference to Lakhimpur District	Dr. Niranjan Kakati	Commerce	13-14
8	LIC –A Modle Employer	Dr.J.K.Sehgal	Commerce	15-16
9	A study of the use of Information technology enabled banking services by Indian Customers	Dr Sunny Thomas, MsWaheeda Sheikh	Economics	17-18
10	The Role of Women Entrepreneurs in The Emerging Economic Force	Dr.Sangappa.V. Mamanshetty	Economics	19-21
11	Trade-off Between Inflation and Unemployment for BRICS Countries – Dead or Alive?	Krunal K Bhuva, Ashok R. Bantwa	Economics	22-23
12	Urbanisation and its Impact on Poverty	Dr. K.J. Thankachan, Mrs. Nazia Ansari	Economics	24-25
13	Food Security- Issues and Concerns	Munisha Gaur	Economics	26-27
14	Teaching Strategies : A Model Approach	Dr. Mujibul Hasan Siddiqui	Education	28-29
15	School Curriculum in Terms of Life Skills and its Implications for Teacher Education	Ramesh B. Sakhiya	Education	30-31
16	Edge Detection using live video acquisition	Patel Janakkumar Baldevbhai, R.S. Anand, Patel Nilam J.	Engineering	32-34
17	Topological Characteristics of Dynamics of Heart in Various Pathological Cases using Lyapunov Exponent and RBF Network	Abinash Dahal, Deepashree Devaraj, Dr. N. Pradhan	Engineering	35-37
18	Implementation of Digital Logic Method for Selection of Material of Automotive Brake Disc	Mr. Keval J. patel, Tushar M. Patel, Ankit A. Darji	Engineering	38-40
19	Initial and after Market Performance of Indian IPOs	Dr. Ashvin H. Solanki	Finance	41-43
20	Facilitation of Collateral Free Loan to Improve Financial Linkages For Start Up & Growth – A Case Study	D M Parikh	Finance	44-46
21	Impact of Maternal Nutrition Education Module on Nutritional Knowledge And Status in Rural Pregnant Women	Dr. Anjali A. Rajwade	Home Science	47-49
22	Trends and Challenges in Indian Insurance Industry	Dr Mahalaxmi Krishnan	Insurance	50-51
23	(Raksha Patrakarita : Dayra Badhae Media Sansthan)	Dr. Subodh Kumar	Journalism	52-53
24	NATIONAL WAGE POLICY VIZ-A-VIZ CORRELATION BETWEEN WAGES, PRICE AND TAX	Manish Parshuram Pawar, Dr. Ashok Shankarrao Pawar	Law	54-55

Sr. No.	Title	Author	Subject	Page No.
25	Shobha De's treatment of sex in Starry Nights	Chetan J. Marakana	Literature	56
26	A Catalyst to Promote Teaching and Learning English Grammar	Elsamma Sebastian	Literature	57-58
27	A Study on Effectiveness of Employee Training in Health Care Industry in a Private Multi-Speciality Organization	Dr C Swarnalatha, TS Prasanna	Management	59-61
28	Insights in to the Tomorrow Retailing in India: A Point of View and Method	Anuradha Averineni	Management	62-63
29	A Study on the Excellence of Worklife Among the Employees of it Sector in Coimbatore	G. Murali Manokari, R.Kanaka Rathinam	Management	64-65
30	Socio Cultural Issues in Marketing	Kavita A. Trivedi	Management	66-67
31	Organised Multi Brand Retailing: Opportunity For Sustainable Development	Rachita Sambyal	Management	68-69
32	Investors Perception for Mutual Fund Investment in 21st Century	Dr. Deepak H. Tekwani	Management	70-71
33	FDI in India	Dr. M Venkata Subba Reddy, Mr.udaya Banu	Management	72-73
34	Global Crisis and Indian Economy, A Comparative Analysis with World Economy	Dr. Pankaj K. Trivedi	Management	74-76
35	Practical Utility of Intellectual Capital Approach-A Critical Analysis	Dr. Shilpa Trivedi	Management	77-78
36	An In-depth study of Consumer Preference towards Personal Care Products	Dr.Sharif Memon	Management	79-81
37	Consumer Awareness and Preferences towards Ayurvedic Cosmetic Products in Coimbatore City	Mrs. B. Menaka, Dr. T. Ramasamy, Dr. R. Ganapathi	Management	82-90
38	Miracle combination of five herbs Methi, Kalongi, saunf, jeera and Rai	Dr. Sneh Harshendra Sharma	Management	91-93
39	Social Marketing: Towards a new horizon	Dr Partha Sarkar	Marketing	94-95
40	Epidemiological Transition and Emerging Conflicts in Health Care	Dr. Pawan Kumar, Dr. Abdul Majeed Khan	Public Health	96-97
41	Knowledge, Attitude and Practice of Reproductive Health Care Services among the Members and Non-members of Self Help Groups (SHGs)	Dr.K.Jothy	Social Sciences	98-100

Volume : 1 | Issue : 1 | June 2012 • ISSN No 2277 - 8160

Research Paper Journalism

रक्षा पत्रकारिता : दायरा बढ़ाएं मीडिया संस्थान
(Raksha Patrakarita : Dayra Badhae Media Sansthan)

Dr. Subodh Kumar Assitant Professor, Journalism & Public Relation Department

ABSTRACT

भारत में आज पत्रकारिता विविध रूपों में व्यापक होती जा रही है। न्यूज चैनलों का चौबीसों घंटे का संजाल, अखबारों में बढ़ते पन्ने, विविध विषयों पर निकलने वाली पत्रिकाओं से पत्रकारिता की कई विधाओं ने नए प्रतिमान स्थापित किए है। जैसे-खेल पत्रकारिता, आर्थिक पत्रकारिता, महिला एवं बाल पत्रकारिता आदि। इसी में एक अहम विधा है रक्षा पत्रकारिता। यानी देश की रक्षा, सेना और सैनिकों से जुड़े समाचार,, फीचर और विश्लेषणों का प्रकाशन करना। वैसे केवल कुछ चैनल और अखबार ही रक्षा पत्रकारिता के पहलुओं को छूते दिखते हैं। इनमें भी विशेष खबरों को दिखाने की होड़ रहती है। अखबारों के अलावा रेडियो और टीवी में विशेष विषयों की पत्रकारिता का दौर चल रहा है। हर मीडिया संस्थान रक्षा, आर्थिक, फिल्म, विज्ञान, पर्यावरण, कला, अपराध जैसी विधाओं को कवर कराने के लिए अलग-अलग पत्रकारों की नियुक्ति करता है। चूंकि मीडिया का दायरा बढ़ रहा है, इसलिए अब पत्रकारिता में भी विशेष पाठ्यक्रमों की मांग बढ़ने लगी है। वैसे भी रक्षा मामलों में अब मीडिया संस्थानों को और गहराई से रिपोर्टिंग करने की जरूरत है, लेकिन देशहित का ख्याल रखा जाए।

KEYWORDS:

प्रस्तावना

रक्षा पत्रकारिता के अंतर्गत वे समाचार आते हैं जो देश की रक्षा व्यवस्था से जुड़े हों। इसमें रक्षा मंत्रालय, सेना के तीनों अंग, रक्षा विभाग की अनुसंधान और खरीद शाखाएं, तीनों सेनाओं के सैनिक और भूतपूर्व सैनिक आते हैं। इनसे जुड़े समाचारों को एकत्र कर प्रकाशन के योग्य बनाना, उनका विश्लेशण करना ही रक्षा पत्रकारिता के प्रमुख अंग हैं। कभी–कभी देश या विदेश में छिड़े युद्ध के दौरान लड़ाई से जुड़ी सूचनाएं देना भी रक्षा पत्रकारों के हिस्से में आता है। याद होगा कि इराक युद्ध के दौरान देश–विदेश के कई बड़े पत्रकारों ने जान की बाजी लगाकर रिपोर्टिंग की थी। कई विदेशी पत्रकार मोर्टार हमलों में मारे भी गए थे। रक्षा पत्रकारिता का काफी हिस्सा विज्ञान से भी जुड़ा है। अनुसंधानिक कार्यों में भी पत्रकार बहुत बारीकी से सारी वैज्ञानिक जानकारियां लोगों तक पहुंचाते हैं।

रक्षा पत्रकारिता का ऐतिहासिक पक्ष

पत्रकारिता का इतिहास जितना पुराना है, उतनी ही पुरानी रक्षा पत्रकारिता है। लेकिन इसके स्वरूप में काफी बदलाव आ चुका है। पहले सिर्फ युद्ध पत्रकारिता होती थी। युद्ध की सूचनाएं एकत्र करने वाले को विशेष संवाददाता कहते थे। युद्ध पत्रकारिता आज भी होती है लेकिन अब यह व्यापक रूप में रक्षा पत्रकारिता के रूप में सामने है जो देश की सुरक्षा, सैन्य विभागों के कामकाज, जवानों की दिक्कतें और उनकी शहादत तक कवर कर रही है। युद्ध पत्रकारिता का इतिहास देखें तो ईसा से 449 वर्ष पूर्व हुए पार्सियन युद्ध का विवरण पहली बार हीरोडोट्स द्वारा लिखा गया। बाद में थ्यूशियोडाइड्स नामक लेखक ने पिलोपोनेशियन वार पर इतिहास लिखा। लेकिन आधुनिक युद्ध पत्रकारिता के लिए 1653 में विलियम वेन डी वेल्दे का जिक्र आता है। वेल्दे एक छोटी नौका लेकर समुद्र में डच और अंग्रेजों के बीच हो रही लड़ाई का ब्यौरा एकत्र करने गए। उन्होंने युद्ध के कई स्केच बनाए। बाद में उन्होंने एक बड़ी ड्राइंग बनाई और राज्य के जनरल को सौंपी। हेनरी राबिन्सन पहले युद्ध पत्रकार थे, जिन्होंने 18वीं शताब्दी में स्पेन व जर्मनी में नेपोलियन के युद्ध अभियान की खबरें लंदन के 'टाइम्स अखबार' के लिए एकत्र कीं। पहले विश्व युद्ध में युद्ध पत्रकारिता का प्रचलन बढ़ा, जो बढ़ता गया। यह बाद में खाड़ी युद्ध, अमेरिका के इराक और अफगानिस्तान पर हुए हमलों के दौरान भी दिखा।

भारत के पौराणिक ग्रंथों में इसका अनोखा विवरण है। महाभारत काल में संजय पहले युद्ध पत्रकार थे जो रणभूमि का ब्यौरा नेत्रहीन धृतराष्ट्र को दे रहे थे। लेकिन आधुनिक युद्ध पत्रकारिता का ब्यौरा भारत–पाकिस्तान के साथ हुए दो युद्धों के दौरान मिलता है। लेकिन तब देश में सिर्फ सरकारी समाचार एजेंसियों में ही रक्षा मामलों की जानकारी रखने वाले पत्रकार हुआ करते थे। लेकिन 80 के दशक में बोफोर्स तोप घोटाले, 1999 में कारगिल युद्ध उसके बाद कारगिल ताबूत घोटाले, तहलका प्रकरण के बाद अचानक रक्षा मामलों की पत्रकारिता का ग्राफ तेजी से बढ़ा। नब्बे के दशक के बाद जब चैनल क्रांति हुई तो उस दौरान बोफोर्स विवाद चरम पर था। फिर कारगिल युद्ध हुआ और फिर ताबूत घोटाला। मीडिया ने यहां बाजी मार ली। इससे देश में रक्षा पत्रकारिता का अस्तित्व कायम हो गया। 2001 में तहलका के तरुण तेजपाल ने स्टिंग ऑपरेशन के जरिये रक्षा सौदों में भ्रष्टाचार का खुलासा किया। इसके बाद रक्षा मामलों की पत्रकारिता 'हॉट केक' के रूप में बिकने लगी। वरिष्ठ पत्रकार प्रभात रंजन दीन ने भी सेना में हुए चारे घोटाले का पर्दाफाश किया। उन्होंने वर्ष 2004 में सेना से जुड़ी ऐसी खबर लिखी जिसमें रविवार के दिन आर्मी के कुछ बड़े अफसरों ने आर्मी हेडक्वॉर्टर को खोलकर एक घोटाले की जांच से जुड़े दस्तावेजों को श्रेडर मशीन में डालकर कचरा कर दिया। इस स्टोरी को एशियन ऐज ने भी प्रकाशित किया था।

रक्षा पत्रकारिता का स्वरूप

आज रक्षा पत्रकारिता के तहत युद्ध की सूचनाओं के अलावा उसकी रिपोर्टिंग भी उसका एक हिस्सा है। लेकिन अब बड़े युद्ध नहीं होते हैं इसलिए रिपोर्टिंग की भूमिका काफी कम हो गई है। वैसे रक्षा पत्रकारिता का स्वरूप दिनोंदिन व्यापक होता जा रहा है। देश में रक्षा पर सबसे ज्यादा बजट खर्च होता है। सबसे बड़ी प्राथमिकता वाह्य सुरक्षा को लेकर है इसलिए रक्षा से जुड़ी खबरें महत्वपूर्ण हैं। दरअसल, रक्षा पत्रकारिता ज्यादा महत्वपूर्ण इसलिए भी है, क्योंकि एक तरफ यह वैश्विक कूटनीति से जुड़ा मसला है तो दूसरी तरफ गांव के एक नौजवान से भी जुड़ा है, जो सेना में बतौर सैनिक भर्ती होता है।

भारत का रक्षा बजट इतना ज्यादा इसलिए है क्योंकि उसे अपनी रक्षा नीति पाकिस्तान, चीन और अन्य पड़ोसी देशों की हरकतों को ध्यान में रखकर बनानी पड़ती है। चीन और पाकिस्तान रक्षा पर भारी खर्च कर रहे हैं और दोनों देश कभी भी भारत के लिए खतरा बन सकते हैं। यहां अन्तरराष्ट्रीय रक्षा कूटनीति को समझना जरूरी है। क्योंकि विकसित देश बड़े पैमाने पर हथियार बनाते हैं। भारत, पाकिस्तान, चीन उनके बड़े ग्राहक हैं। इसलिए उनकी कोशिश रहती है कि भारत, चीन, पाकिस्तान जैसे देशों के बीच हमेशा दुश्मनी बनी रहे ताकि उनके उपकरणों के खरीददार कायम रहें।

तीनों सेनाओं में खास

हमारी तीन सेनाएं हैं। थल सेना सबसे बड़ी है, लेकिन वायुसेना कहीं ज्यादा शक्तिशाली है। लेकिन भारत की समुद्री सीमा 7500 किलोमीटर लंबी है पर जब समुद्र की तरफ से कोई खतरा हो तो असली काम नौसेना आती है। रक्षा से जुड़ी नियमित खबरों में इन तीनों सेनाओं से जुड़ी खबरों की खासा मांग रहती है। इनमें शामिल नई–नई तकनीकों, भर्ती प्रक्रिया में हो रहे बदलावों, इनके ऑपरेशनों का मौके पर जाकर निरीक्षण करना और फिर उसकी रिपोर्टिंग करना। इन सेनाओं द्वारा रक्षा रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों के दलों को ले जाकर अपने ऑपरेशन दिखाए जाते हैं। इन सेनाओं के प्रमुखों के इंटरव्यू भी महत्वपूर्ण होते हैं।

मंत्रालय से संपर्क

जो पत्रकार देश की राजधानी दिल्ली में रहते हैं, वे नियमित रूप से रक्षा मंत्रालय जाते हैं। इसलिए उन्हें रक्षा मंत्रालय विशेष सुरक्षा प्रवेश पत्र जारी करता है। बीच–बीच में रक्षा मंत्री की प्रेस कांफ्रेंस भी अटैंड करते हैं। इसके अलावा रिपोर्टर अपने अखबार, मैगजीन या चैनल के लिए रक्षा मंत्री का विशेष इंटरव्यू भी हासिल करता है। इसकी प्रकार रक्षा महकमे के सचिव का भी बेहद महत्वपूर्ण पद होता है। संसद सत्र के दौरान दोनों सदनों में रक्षा से जुड़े सवाल–जवाब होते हैं। इनकी रिपोर्टिंग भी रक्षा संवाददाता द्वारा की जाती है। फिर रक्षा से जुड़े कई मुद्दों पर नए कानून आदि बनते हैं तो उसकी भी रिपोर्टिंग करनी होती है। मूलत यह हिस्सा देश की रक्षा नीति और उसके क्रियान्वयन से जुड़ा होता है।

रिसर्च का क्षेत्र

रक्षा संवाददाता को विज्ञान का भी ज्ञान होना चाहिए। क्योंकि रक्षा मंत्रालय के संगठन डीआरडीओ का कार्य सेना के लिए नई तकनीकें विकसित करना है। यह एक अत्याधुनिक वैज्ञानिक संगठन है। इसकी देशभर में कई प्रयोगशालाएं हैं। डीआरडीओ खुद भी तकनीकें विकसित करता है और विदेशों से आयात भी करता है। डीआरडीओ अपने शोध आदि को समय–समय पर मीडिया के समक्ष रखता है। डीआरडीओ सेना के जवानों के लिए खान–पान की चीजें बनाने से लेकर अग्नि जैसी मिसाइल बनाने, बहुद्देश्यीय विमान निर्माण तक में व्यस्त है। डीआरडीओ की वैज्ञानिक रिपोर्टिंग सैन्य रिपोर्टिंग का बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है।

हथियारों की खरीद

रक्षा बजट का एक बड़ा हिस्सा हथियारों की खरीद पर जाता है। लड़ाकू विमान खरीदा जा रहा है तो उसकी खूबी क्या है, यह पाठकों के लिए पढ़ने वाली खबर है। मसलन, रूस के सुखोई विमानों में उड़ान के दौरान दूसरा विमान ईंधन भर सकता है। हथियारों की खरीद में होने वाले घोटाले भी सुर्खियां बनते

हैं। कई देशों की कंपनियां हथियारों का ठेका लेने के लिए प्रयासरत रहती हैं जो कंपनी विफल रहती है, वह खरीद में घोटाले की बात को स्थापित करने में लग जाती है। इसलिए रक्षा संवाददाताओं को ऐसे मामले में सावधानी बरतनी होती है। हाल ही में 126 लड़ाकू विमान खरीदे गए थे, लेकिन खरीद में पांच साल का विलंब होने के कारण उनकी कीमत 10 मिलियन डॉलर से बढ़कर 20 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई।

सैनिकों, पेंशनरों से जुड़े समाचार

रक्षा पत्रकारिता एक बड़ा विषय है। देश में सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों की संख्या काफी बड़ी है। इसलिए सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों से जुड़ी समस्याओं, उनके वेतन–भत्तों, पेंशन, उन्हें मिलने वाली सुविधाओं में कमी और बढ़ोत्तरी से जुड़ी होती हैं। तीन सेनाओं को मिला लिया जाए तो उनकी संख्या 12 लाख से अधिक है। फिर इससे ज्यादा भूतपूर्व सैनिक हैं। उनके परिजन हैं। समाचार पत्रों में उनकी खबरें प्रकाशित होती हैं तो सरकार उन्हें सुलझाने के लिए उपाय करती है। ऐसे में जब कोई नियम बदलता है तो उसकी भी खबर बनती है। ऐसे में रक्षा पत्रकारों को अलर्ट रहना चाहिए।

ऐसे बनें रक्षा पत्रकार

ग्रेजुएशन या मीडिया कोर्स करने के दौरान ही छात्रों की रुचि स्पष्ट होने लगती है। जिनकी रुचि रक्षा से जुड़ी खबरों में है वे उस विषय में अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करें। आमतौर पर संपादक या मुख्य संवाददाता नए पत्रकारों को उनकी रुचि के हिसाब से ही समाचारों की रिपोर्टिंग का मौका प्रदान करते हैं। इसलिए नए पत्रकारों को अपनी नौकरी शुरू करने से पहले अपनी रुचि का विषय छांट लेना चाहिए।

रक्षा पत्रकारिता कोर्स

रक्षा पत्रकारिता में देश में एकमात्र कोर्स हिसार (हरियाणा) स्थित गुरू जांभेश्वर साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी ने शुरू किया है। वर्ष 2009 में तत्कालीन चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल दीपक कपूर ने इसका शुभारंभ किया था। यह स्नातक कोर्स है जो रक्षा पत्रकारिता के तमाम गुर सिखाता है। विश्व में यह अपनी किस्म का दूसरा कोर्स है। रक्षा पत्रकारिता का एकमात्र कोर्स अमेरिका के बोस्टन विश्वविद्यालय में चल रहा है। जो नौजवान रक्षा पत्रकारिता शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए रक्षा मंत्रालय भी एक छोटा कोर्स चलाता है। यह कोर्स 21 दिन का है तथा रक्षा मंत्रालय द्वारा साल में एक बार इसका आयोजन किया जाता है। इसलिए मीडिया संस्थानों को पत्र लिखकर कोर्स करने के इच्छुक नौजवानों के नाम मांगे जाते हैं। रक्षा मंत्रालय अपने खर्च पर प्रशिक्षुओं को जल, थल और वायुसेना के कामकाज के बारे में बताता है तथा बेस स्टेशनों का दौरा भी कराता है। प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिए जाते हैं।

रक्षा पत्रकारिता की संवेदनशीलता

रक्षा से जुड़ी सूचनाएं सबसे ज्यादा संवेदनशील होती हैं। इसलिए रक्षा सं. वाददाता के लिए जरूरी है कि वह अपना कार्य उन्हीं बिन्दुओं तक सीमित रखें जो उसके पाठकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। एक पाठक की इसमें कोई दिलचस्पी नहीं हो सकती है कि भारत ने परमाणु बम बनाकर कहां रखा है। यदि कोई संवाददाता यह सूचना प्राप्त कर ले और इसका प्रकाशन कर दे तो दुश्मन देश की एजेंसियां इसका दुरुपयोग कर सकती हैं। इसलिए रक्षा संवाददाता को बड़ी खबर लिखने से पहले राष्ट्रहित का ध्यान रखना चाहिए। कुछ समय पूर्व 'तहलका' ने देश के रक्षा प्रतिष्ठानों पर एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी जिसमें वेश्याओं का इस्तेमाल किया गया था। कुछ पत्रकारों पर मुकदमा भी चला था। देश को होने वाले नुकसान की कीमत पर किसी भी खबर का कोई महत्व नहीं है। इससे रिपोर्टर भी परेशानी में पड़ सकता है।

रक्षा पत्रकारिता में रोजगार

यदि कोई पत्रकार अपने शुरुआती करियर के पांच सालों के भीतर किसी एक क्षेत्र में पकड़ बना लेता है तो आगे उसे रोजगार में दिक्कत नहीं आएगी। रक्षा पत्रकारिता में भी ये संभावनाएं हैं। पहले सिर्फ राजधानी में रक्षा संवाददाता होते थे आजकल कई छोटे शहरों से भी अखबार और चैनल निकलते हैं, यदि उन शहरों में सेना, नौसेना का बेस स्टेशन है तो वहां भी रक्षा संवाददाता की एक बीट हो जाती है। फिर कई समाचार पत्र रक्षा से जुड़े मामलों पर विशेष साप्ताहिक परिशिष्ट निकालते हैं इसलिए डेस्क पर कार्य करने वाले उप संप. ादक के रूप में भी नौकरी की संभावनाएं होती हैं। रक्षा की जानकारी रखने वाले पत्रकार आजकल सेना में बतौर पीआरओ नियुक्त हो रहे हैं। रक्षा सेवाएं प्रदान करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और निजी कंपनियों में भी ऐसे पत्रकारों को पीआरओ की नौकरी मिल रही है।

निष्कर्ष :

इस शोध पत्र में रक्षा से जुड़ी पत्रकारिता के अच्छे और संवेदनशील पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है। रक्षा पत्रकारिता का महत्व देश हित में व्यापक है, लेकिन यदि उसकी संवेदनशीलता की अनदेखी की जाए तो मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। रक्षा मामलों में पत्रकारों को ज्यादा एहतियात की जरूरत होती है। पत्रकार को तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। उसका उद्देश्य सकारात्मक हो तथा राष्ट्रहित की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। रक्षा पत्रकार बनने के इच्छुक नौजवान को शुरू से ही यह बात गांठ बांध कर रखनी चाहिए, तभी वे एक सफल और राष्ट्रभक्त पत्रकार बन पाएंगे। वर्ना सनसनी फैलाने वाले पत्रकारों की तरह उनका नाम भी गुम होकर रह जाएगा। वहीं मीडिया संस्थानों को भी रक्षा मामलों में सतर्कता बरतते हुए गहराई से अपना दायरा बढ़ाना चाहिए।

REFERENCES

सक्सेना, संगीता, 'डिफेंस जर्नलिज्म इन इंडिया' (1997), मानस प्रकाशन, नई दिल्ली।. अग्रवाल, एसके, इन्वेस्टीगेटिव जर्नलिज्म इन इंडिया (1990), मित्तल पब्लिकेशन, नई दिल्ली साउथ एशिया डिफेंस एंड स्ट्रेटिजिक इयर बुक (2009), पेंटागन प्रेस, नई दिल्ली।



Sara Publishing Academy
GLOBAL RESEARCH ANALYSIS
Multi-Subject Journal

Editor,
GLOBAL RESEARCH ANALYSIS
3, SUHANA, Nr. Ruby Apartment,
B/h NID, Rajnagar Circle, Paldi, Ahmedabad - 380007

Printed at Unique Offset, Novatsing Rupam Estate, Opp. Abhay Estate, Tavdipura, Shahibaug, Ahmedabad

Designed By : AdVoice Inc. +91 9824484447